Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Price-hike in the country due to online trading.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। देश में महंगाई आज चरम सीमा पर है।

MR. SPEAKER: We can cover so many more items, and transact more business if you only follow the Chair.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय अध्यक्ष जी, केन्द्र सरकार की ैलत नीतियों के कारण, वर्तमान समय में, ऑन-लाइन ट्रेडिंग के कारण देश में महंगाई बढ़ी है और जनमानस में त्राहि-त्राहि मची हुई है। पेट्रोल. वैजल, गैस और कैरोसीन के दाम बढ़ने की आशंका बनी हुई है और इस पर सरकार की कोई नीति नहीं है। भारत आज भी कृाि पर निर्भर करता है। आर्थिक विकास के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों में भी स्थिति आज डगमगाई हुई है। बहुराट्रीय कंपनियों का एकाधिकार बना हुआ है और महंगाई अपनी चरम सीमा पर है।

MR. SPEAKER: Please have silence in the House. What is this going on?

श्री शैलेन्द्र कुमार : जहां तक किसानों की फसल के ैलए काम आने वाली वस्तुओं का सवाल है तो खाद, बीज, उर्वरकों के दाम पिद्वले दो वर्ाों में दुगुने हो गये हैं और भवन निर्माण की सामग्रियों के दाम भी बढ़ गये हैं।

MR. SPEAKER: This is not the time for debate.

श्री शैलेन्द्र कुमार : रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम प्रतिर्वा बढ़ रहे हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार इस बारे में पहल करके कोई ठोस नीति बनाए जिससे महंगाई पर रोक लग सके।